Need to increase the procurement price of sugarcane and ensure payment of arrears to sugarcane farmers-laid

श्री राम शिरोमणि वर्मा **(श्रावस्ती) :** आज देश का किसान बहुत परेशान हैं. किसानों की सबसे गंभीर समस्या गन्ने व अन्य फसलों की खेती में बढ़ती बेतहाशा लागत और गन्ना मिलों द्वारा किसानों को गन्ने का समय पर भुगतान नही किया जाना है । महंगाई के इस दौर में कृषि लागत कई गुना बढ़ गई है । ऐसे में गरीब किसानों को खाद, डीज़ल, बीज व अन्य कृषि जरूरतों पर भारी पैसा खर्च करना पड़ता है । जबकि उन्हे गन्ने का खरीद मूल्य लागत के हिसाब से बहुत ही कम मिलता है। सरकार को गन्ने के खरीद मूल्य को बढ़ाकर कम से कम 500 रुपये प्रति क्विंटल करना चाहिए । साथ ही सरकार को गन्ने के लिए दी जाने वाली सब्सिडी तुरंत जारी करनी चाहिए, जिससे गन्ना किसानों को उनका बकाया पेमेंट समय से मिल सके । जिससे वह अपने कृषि यन्त्रों, ट्रैक्टर व अन्य तरह के ऋणों की किस्तें समय पर दे सके और आगामी फसलों के लिए खाद, बीज और अन्य कृषि से संबन्धित जरूरतों को पूरा कर सके ।